निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम

DEPOSIT INSURANCE & CREDIT GUARANTEE CORPORATION



वार्षिक रिपोर्ट
ANNUAL REPORT
1994-95

With Best Compliments from :

R. N. Verma
Chief General Manager

DEPOSIT INSURANCE & CREDIT GUARANTEE CORPORATION
New India Centre, 17, Cooperage Road, Bombay - 400 039.

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम

(संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित)

प्रधान कार्यालय : छठी मंजिल, न्यू इंडिया सेंटर,
17, कूपरेज रोड, बंबई-400039

निदेशक बोर्ड की 33 वीं वार्षिक रिपोर्ट,
31 मार्च 1995 को समाप्त वर्ष के लिए
तुलन पत्र और लेखे

विषय सूची

		पृष्ठ संख्या
1.	प्रेषण पत्र	iii और iv
2.	निदेशक बोर्ड	v
3.	संगठन तालिका	vi
4.	निगम के कार्यालय	vii
5.	निगम के प्रमुख अधिकारी	viii
6.	निगम का स्वरूप	ix
7.	विशिष्टता–प्रगति एक दृष्टि में	x
8.	निदेशकों की रिपोर्ट	1
9.	निदेशकों की रिपोर्ट के विषय में अनुबंध	10
10.	तुलन–पत्र और लेखे	33
11.	कार्यों और गतिविधियों की रूपरेखा तालिका I से X (Charts I to X)	43

प्रेषण पत्र

(भारतीय रिज़र्व बैंक को)

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम
न्यू इंडिया सेंटर,
17, कूपरेज रोड,
पोस्ट बॉक्स सं. 1076,
बंबई - 400039.

डीआइसीजीसी/132/06.02/015/95-96

29 जून 1995
8 आषाढ़ 1917 (शक)

सचिव,
भारतीय रिज़र्व बैंक,
सचिव विभाग,
केन्द्रीय कार्यालय,
केन्द्रीय कार्यालय भवन,
शहीद भगतसिंह मार्ग,
बंबई - 400023.

प्रिय महोदय,

वर्ष 1994-95 के लिए तुलन-पत्र और वार्षिक रिपोर्ट

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 32(1) के उपबंधों के अनुसरण में मुझे निदेशक बोर्ड ने इस पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज़ों की हस्ताक्षरित प्रति भेजने का निदेश दिया है :

(i) 31 मार्च 1995 को समाप्त वर्ष के लिए लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट की हस्ताक्षरित प्रति सहित निगम के लेखा परीक्षित तुलन-पत्र और लेखे की एक प्रति, और

(ii) 31 मार्च 1995 को समाप्त वर्ष के लिए निगम के कामकाज के संबंध में निदेशक बोर्ड की रिपोर्ट।

भवदीय,

ह./-

(आर. एन. वर्मा)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेषण पत्र
(भारत सरकार को)

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम
न्यू इंडिया सेंटर,
17, कूपरेज रोड,
पोस्ट बॉक्स सं. 1076,
बंबई - 400039.

डीआइसीजीसी/133/06.02/016/95-96

29 जून 1995
8 आषाढ़ 1917 (शक)

सचिव,
भारत सरकार, वित्त मंत्रालय,
आर्थिक कार्य विभाग,
(बैंकिंग प्रभाग),
"जीवनदीप", संसद मार्ग,
नयी दिल्ली - 110001.

प्रिय महोदय,

वर्ष 1994-95 के लिए तुलन-पत्र और वार्षिक रिपोर्ट

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 32(1) के उपबंधों के अनुसरण में मुझे निदेशक बोर्ड ने इस पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज़ों की एक-एक हस्ताक्षरित प्रति भेजने का निदेश दिया है :

(i) 31 मार्च 1995 को समाप्त वर्ष के लिए लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट सहित निगम के तुलन-पत्र तथा लेखे, और

(ii) 31 मार्च 1995 को समाप्त वर्ष के लिए निगम के कामकाज के संबंध में निदेशक बोर्ड की रिपोर्ट।

2. तुलन पत्रों की प्रतियाँ और निदेशक बोर्ड की रिपोर्ट भारतीय रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत की गयी है। उनकी तीन अतिरिक्त प्रतियाँ इस पत्र के साथ भेजी जा रही हैं।

3. कृपया हमें उक्त अधिनियम की धारा 32(2) के अधीन संसद के प्रत्येक सदन (अर्थात् लोक सभा और राज्य सभा) में दस्तावेज प्रस्तुत किये जाने की तारीख/तारीखें सूचित करें।

भवदीय,

ह./-

(आर. एन. वर्मा)
मुख्य महाप्रबंधक

निदेशक बोर्ड

अध्यक्ष

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6(1)(क) के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नामित

डी. आर. मेहता (7 मार्च 1995 तक)
एस. पी. तलवार (8 मार्च 1995 से 23 मई 1995 तक)
आर. वी. गुप्ता (24 मई 1995 से)
उप-गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक, बंबई

निदेशक

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6(1)(ख) के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नामित

एस. एन. राजदान
कार्यपालक निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, बंबई

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6(1)(ग) के अंतर्गत केन्द्र सरकार द्वारा नामित

सुश्री मोना शर्मा
संयुक्त निदेशक, आर्थिक कार्य विभाग (बैंकिंग प्रभाग), वित्त मंत्रालय, भारत सरकार, नयी दिल्ली

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6(1)(घ) के अंतर्गत नामित

एस. एच. खान
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, बंबई

यू. महेश राव
प्रबंध निदेशक, जनरल इन्श्योरेंस कार्पोरेशन ऑफ इंडिया, बंबई

एन. पी. सारडा
सनदी लेखाकार, बंबई

पी. डब्ल्यू. रेगे
भूतपूर्व अध्यक्ष, सारस्वत सहकारी बैंक लि., बंबई

इ. चंद्रशेखरन नायर (12 सितंबर 1994 से)
को-ऑपरेटर तिरुवनन्तपुरम

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6(1)(ङ) के अंतर्गत नामित

गंगाधर गाडगिल
अर्थशास्त्री, बंबई

पी. एन. जोशी
अध्यक्ष, यूनाइटेड वेस्टर्न बैंक लि., सातारा, महाराष्ट्र

रशीद जिलानी (7 फरवरी 1995 से)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, पंजाब नेशनल बैंक, नई दिल्ली

के. आर. राममूर्ति (7 फरवरी 1995 से)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, कॉर्पोरेशन बैंक, मैंगलूर

संगठन तालिका



निम्नलिखित पदों का पद नाम दिनांक 4 मई से बदल दिया गया है

महा प्रबंधक – मुख्य महा प्रबंधक उप महा प्रबंधक – महा प्रबंधक

निगम के कार्यालय

		टेलीफोन संख्या	तार
प्रधान कार्यालय :	न्यू इंडिया सेंटर, 4, 5, 6, 7 और 8 वीं मंजिल, 17, कूपरेज रोड, पोस्ट बॉक्स सं. 1076, बंबई - 400039.		"क्रेडिटगार्ड"
	मुख्य महा प्रबंधक	2027323 (सी.ला.) 2020299	
	(i) महा प्रबंधक	2044876 (सी.ला.) 2020299	
	(ii) महा प्रबंधक	2022408 (सी.ला.) 2020299	
	(i) उप महा प्रबंधक	2874281 (सी.ला.) 2020299	
	(ii) उप महा प्रबंधक	2874291 (सी.ला.) 2020299	
	(iii) उप महा प्रबंधक	2020299 (702)	
शाखाएँ :			
1) नागपुर	भारतीय रिज़र्व बैंक भवन, हाइकोर्ट के समीप, नागपुर - 440001.	521406 (सी.ला.) 532321 532357	"क्रेडिटगार्ड"
2) कलकत्ता	8, कौउन्सिल हाऊस स्ट्रीट (पहली मंजिल), पोस्ट बॉक्स सं. 17, कलकत्ता - 700001.	2481154 (सी.ला.) 2486019	"डिसिन्गर"
3) मद्रास	कुरालगम बिल्डिंग, तीसरी मंजिल, एस्प्लेनेड, पोस्ट बॉक्स सं. 5021, मद्रास - 600108.	5341524 (सी.ला.) 5340239	"क्रेडिटगार्ड"
4) नयी दिल्ली	भारतीय रिज़र्व बैंक, 6, संसद मार्ग, पोस्ट बॉक्स सं. 123, नयी दिल्ली - 110001.	3716487 (सी.ला.) 3710538 से 42	"डिपॉज़िटिस

निगम के प्रमुख अधिकारी

महा प्रबंधक

एस. के. कपूर (31 जुलाई 1994 तक)
आर. एन. वर्मा (1 अगस्त 1994 से)

उप महा प्रबंधक
डी. एन. प्रसाद
श्रीमती एस. एन. जोशी

मुख्य लेखाकार
ओ. पी. अरोड़ा (8 अक्तूबर 1994 तक)
के. प्रसाद (17 अक्तूबर 1994 से)

अन्य अधिकारी - प्रधान कार्यालय

प्रबंधक
जे. पी. शर्मा
सुश्री यू. एस. बनर्जी

सचिव
आर. जी. तावडे (12 नवंबर 1994 तक)
ए.जी. कुलकर्णी (14 नवंबर 1994 से)

शाखा प्रबंधक

नागपुर
व्ही. सी. कोटीयन, प्रबंधक

कलकत्ता
एस. एस. गंगोपाध्याय, प्रबंधक (21 अक्तूबर 1994 तक)
बी. के. रे, उप महा प्रबंधक (22 अक्तूबर 1994 से)

मद्रास
टी. एम. नारायणन प्रबंधक

नई दिल्ली
एस. एस. सेठी, प्रबंधक (5 सितंबर 1994 तक)
एम. एस. जोगलेकर, प्रबंधक (6 सितंबर 1994 से)

बैंकर

भारतीय रिज़र्व बैंक

लेखा परीक्षक

मैसर्स व्यास एण्ड व्यास
सनदी लेखाकार
जयपुर.

ऊपर लिखे पदनामों में दिनांक 4 मई 1995 से निम्नानुसार संशोधन किया गया है।

पदनाम		संशोधित पदनाम
महा प्रबंधक	—	मुख्य महा प्रबंधक
उप महा प्रबंधक	—	महा प्रबंधक
प्रबंधक/मुख्य लेखाकार	—	उप महा प्रबंधक
सचिव	—	प्रबंधक और सचिव

निगम का स्वरूप

प्रयोजन और उद्देश्य

जमा बीमा निगम की स्थापना पहली जनवरी 1962 को संसद के एक अधिनियम द्वारा की गयी थी। इस निगम ने रिज़र्व बैंक द्वारा 14 जनवरी 1971 को शुरु की गयी सार्वजनिक लिमिटेड कम्पनी भारतीय ऋण गारंटी निगम लिमिटेड को 15 जुलाई 1978 से अपने अधिकार में ले लिया जिससे एकही प्रकार के परस्पर संबद्ध कार्यों अर्थात् बैंकों के छोटे जमाकर्ताओं को बीमा सुरक्षा प्रदान करने और समाज के खासकर कमजोर वर्गों के छोटे ऋणकर्ताओं की कुछ श्रेणियों को प्रदान की गयी ऋण सुविधाओं को गारंटी रक्षा देने के कार्यों को समन्वित किया जा सके। इस प्रकार दो संगठनों के एकीकरण के बाद निगम का नाम बदल कर उसे निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम रखा गया। लघु उद्योगों के लिए भारत सरकार की ऋण गारंटी योजना रद्द होने के बाद निगम ने पहली अप्रैल 1981 से लघु उद्योगों को दिये गये ऋणों के लिए भी गारंटी सहायता देना शुरु किया।

निगम के दो उद्देश्य हैं बैंकों में जमाकर्ताओं के लाभ के लिए बैंक की सभी शाखाओं में उनकी सभी जमा राशियों अथवा उनके किसी अंश के लिए अधिकतम 1,00,000 रुपये तक की हानि के लिए बीमा प्रदान करना और सहभागी संस्थाओं अर्थात् वाणिज्यिक बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित) सहकारी बैंकों, राज्य वित्त निगमों और अन्य सावधि ऋणदात्री संस्थाओं द्वारा दिये गये ऋण के लिए गारंटी समर्थन प्रदान करना। 31 मार्च 1989 तक गारंटी समर्थन लघु ऋणकर्ताओं और लघु उद्योगों की कुछ श्रेणियों के लिए ही उपलब्ध था। परंतु 1 अप्रैल 1989 से गारंटी सुरक्षा संपूर्ण प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिमों (रिज़र्व बैंक की परिभाषा के अनुसार) के लिए लागू है। तथापि अग्रिमों की कुछ ऐसी श्रेणियाँ जो केन्द्र/राज्य सरकारों, भारतीय निर्यात ऋण गारंटी निगम लिमिटेड द्वारा गारंटीकृत हैं, को गारंटी सुरक्षा से बाहर रखा गया है।

जमा बीमा और ऋण गारंटी के लिए निगम ने अलग-अलग निधियाँ बनाई हुई हैं, जो किस्तों तथा गारंटी शुल्कों द्वारा जमा की जाती हैं और इनका उपयोग केवल दावों के निपटान के लिए ही किया जाता है। इसके अतिरिक्त एक अन्य निधि अर्थात् सामान्य निधि भी बनायी गयी है जिसमें निगम की पूँजी रखी गयी है और इस निधि से होने वाली निवेश आय से स्टाफ स्थापना संबंधी व्यय तथा प्रशासनिक व्यय किये जाते हैं। निगम को आयकर की अदायगी के संबंध में 31 दिसंबर 1986 तक छूट दी गयी थी।

निगम की प्राधिकृत पूँजी 50 करोड़ है जो पूर्णत: भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्गमित और अभिदत्त है।

निदेशक बोर्ड द्वारा निगम का प्रबंध देखा जाता है जिसके अध्यक्ष भारतीय रिज़र्व बैंक के उप गवर्नर होते हैं। दावा समिति और निवेश समिति जो भारतीय रिज़र्व बैंक के नामित निदेशक की अध्यक्षता में कार्यरत है, बोर्ड की सहायता करती है। मुख्य महा प्रबंधक निगम के मुख्य कार्यपालक होते हैं।

निगम का प्रधान कार्यालय बंबई में है। इसकी चार शाखाएँ नागपुर, कलकत्ता, मद्रास, नयी दिल्ली में हैं। निगम की कोई सहायक या संबद्ध संस्था नहीं है।

विशिष्टता - प्रगति एक दृष्टि में

(राशि करोड़ रुपये में)

वर्ष के अंत में	1962	1972	1978	1982	1984	1987	1988-89	1990-91	1992-93	1993-94	1994-95
1. पूँजी	1	1.5	10	15	50	50	50	50	50	50	50
2. निक्षेप बीमा											
i) निक्षेप बीमा निधि	1	25	76	154	219	@	@	@	@	@	@
ii) बीमाकृत बैंक	276	476	1,021	1,683	1,805	1,898	1,903	1,922	1,931	1,990	2,025
iii) निर्धारणयोग्य जमा राशियाँ	1,895	7,458	21,660	42,360	61,880	1,03,044	1,26,864	1,56,892	2,44,375	2,49,034	3,64,058
iv) बीमाकृत जमा राशियाँ	448	4,656	15,369	31,774	46,340	75,511	90,192	1,09,316	1,64,527	1,68,405	2,66,747
v) खाते (लाखों में)	77	341	931	1,598	2,026	2,569	2,781	3,089	3,543	3,529	4,994
vi) पूर्णत: संरक्षित खाते (लाखों में)	60	328	916	1,581	2,000	2,518	2,705	2983	3,395	3,497	4,956
vii) अदाकृत दावे	-	1	2	3	3	44	69	131	178	179	181
3. ऋण गारंटी											
i) ऋण गारंटी निधि	-	-	27	89	118	@	@	@	@	@	@
ii) गारंटीकृत अग्रिम											
(क) छोटे उधारकर्ता	-	208	1,715	4,840	7,104	11,116	14,291	27,692	24,444	26,348	25,484
(ख) लघु उद्योग	-	-	-	3,822	4,891	7,788	10,465	16,826	19,162	15,503	14,177
iii) प्राप्त दावे (वर्ष के लिए)											
(क) छोटे उधारकर्ता	-	-	9	25	62	255	364	505	883	1,168	1,348
(ख) लघु उद्योग	-	-	-	30	71	149	241	247	260	323	379
iv) निपटाये गये दावे (वर्ष के दौरान)											
(क) छोटे उधारकर्ता	-	-	3	15	32	225	281	427	566	1,026	1,100
(ख) लघु उद्योग	-	-	-	27	47	122	177	260	243	288	409

@ निगम की देयताओं के बीमांकिक मूल्यांकन के कारण तुलन-पत्र और आय व्यय लेखे के प्रारूप में संशोधन से 1987 से ऋण गारंटी निधि में वर्ष 1989-90 को छोड़कर हर वर्ष घाटा रहा है। निधि की कमी/अतिरिक्त को संबंधित वर्ष के निक्षेप बीमा निधि के अतिरिक्त के बदले समायोजित किया गया। वर्ष 1994-95 के दौरान ऋण गारंटी निधि में रु. 348.69 करोड़ का घाटा था। 31 मार्च 1994 को ऋण गारंटी निधि से निक्षेप बीमा निधि के लिए रु.1,206.74 करोड़ की राशि देय थी।

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम के 31 मार्च 1995 को समाप्त वर्ष के कामकाज की रिपोर्ट

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम 1961 की धारा 32(1) के अनुसार निदेशक बोर्ड एतद्द्वारा 31 मार्च 1995 को समाप्त वर्ष की निगम की 33वीं वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करता है।

आर्थिक परिदृश्य

2. वर्ष 1994-95 की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता मुद्रा प्रसार रही। वर्ष के दौरान आरक्षित मुद्रा में रु. 30,320 करोड़ (21.9 प्रतिशत) की वृद्धि हुई। इस वृद्धि के दो कारण रहे, पहला और मुख्य कारण रिज़र्व बैंक की विदेशी आस्तियों में रु. 23,264 करोड़ (45.2 प्रतिशत) की निवल वृद्धि तथा दूसरा अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को रिज़र्व बैंक के ऋण में रु. 6780 करोड़ की तीव्र वृद्धि। जबकि पिछले वर्ष अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को रिज़र्व बैंक के ऋण में रु. 4260 करोड़ की गिरावट आयी थी। दो दशकों में ऐसा पहली बार हुआ है कि मुद्रा प्रसार बजट घाटे के मुद्रीकरण के कारण नहीं हुआ है। अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की सकल जमा राशियों में वर्ष के दौरान 21.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि पिछले वित्त वर्ष में 17.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वर्ष 1994-95 की पहली छमाही के दौरान विदेशी पूँजी की आमद में पर्याप्त वृद्धि हुई यद्यपि इस वृद्धि की गति दूसरी छमाही में कम हो गयी परन्तु गैर खाद्य ऋण प्रावधान में काफी बढ़ोत्तरी हुई, परिणामस्वरूप वर्ष 1994-95 की दूसरी छमाही में तरलता की उपलब्धि में सुलभता नहीं रही। 31 मार्च 1995 तक गैर खाद्य ऋण में 28.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई। मूल्य स्थिति स्थिर नहीं रही। मुद्रास्फीति की दर वर्ष के प्रारम्भ में दो अंकों में थी जो अक्तूबर के आरम्भ में गिरकर 8.4 प्रतिशत हो गयी तथा जनवरी 1995 के अंत में पुन: 12.2 प्रतिशत के उच्चस्तर पर पहुँच गयी तथा इसके पश्चात् मार्च 1995 के अंत में नीचे आकर 10.0 प्रतिशत हो गयी। मुद्रा बाजार वर्ष 1994-95 की पहली छमाही में नरम था परन्तु दूसरी छमाही के दौरान बाजार महँगा और अस्थिर रहा।

वर्ष 1994-95 के दौरान वास्तविक आर्थिक गतिविधियाँ समष्टि स्तर पर मजबूत रहीं। वर्ष 1994-95 के दौरान वास्तविक समग्र घरेलू उत्पाद में कुल मिलाकर 5.3 प्रतिशत वृद्धि होने की संभावना है जबकि पिछले वर्ष इसमें 3.8 प्रतिशत वृद्धि हुई। वर्ष 1994-95 के दौरान खाद्यान्नों के उत्पादन के वर्ष 1993-94 की 182 मिलियन टन की सीमा तक होने का अनुमान है। औद्योगिक उत्पाद के मामले में वर्ष 1992-93 तथा 1993-94 के दौरान मामूली वृद्धि हुई परन्तु अप्रैल-नवम्बर 1994 के दौरान इसमें 8.7 प्रतिशत की प्रभावी वृद्धि हुई है।

प्राथमिकता क्षेत्र उधार

3. सरकारी क्षेत्र के बैंकों द्वारा प्राथमिकता क्षेत्र को दिए गये कुल ऋण दिसंबर 1994 के अंत में रु. 57,349 करोड़ थे जो निवल बैंक ऋण का 37.4 प्रतिशत थे जबकि दिसंबर 1993 में प्राथमिकता क्षेत्र को दिए गए ऋण रु. 49,821 करोड़ थे और निवल बैंक ऋण का 36.4 प्रतिशत थे। दिसंबर 1993 के अंत की स्थिति की तुलना में दिसंबर 1994 के अंत में प्राथमिकता क्षेत्र उधार में रु. 7,528 करोड़ की वृद्धि हुई। दिसंबर 1993 में कृषि के लिए सरकारी क्षेत्र के बैंकों के अग्रिम रु. 20,513 करोड़ थे जो दिसंबर 1994 में बढ़कर रु. 22,199 करोड़ हो गए। तथापि इस प्रयोजन के लिए 18 प्रतिशत के लक्ष्य के बदले यह प्रतिशत क्रमश: दिसंबर 1993 के अंत में 15.0 तथा दिसंबर 1994 के अंत में 14.5 ही रहा। सरकारी क्षेत्र के भारतीय वाणिज्य बैंकों ने प्राथमिकता क्षेत्र के अंतर्गत उधारकर्ताओं को रु. 2,886 करोड़ के ऋण दिये। ये ऋण मार्च 1994 के अंत में बैंकों की निवल जमा (नवीनतम उपलब्ध आँकड़े) का 30.2 प्रतिशत हैं। जबकि निर्धारित लक्ष्य 40 प्रतिशत है। सरकारी क्षेत्र के बैंकों के लघु उद्योगों के मामले में कुल बकाया अग्रिम दिसंबर 1994 के अंत में रु. 23,352 करोड़ थे जो निवल बैंक ऋण का 14.2 प्रतिशत हैं जबकि दिसंबर 1993 के अंत में यह क्रमश: रु. 19,950 करोड़ तथा 14.6 प्रतिशत था। रिज़र्व बैंक की शर्तों के अनुसार भी प्राथमिकता क्षेत्र के लघु उद्योग खंड के अग्रिमों का 40 प्रतिशत कुटीर उद्योगों, खादी और ग्रामोद्योगों, दस्तकारों, अत्यन्त लघु उद्योगों या रु. 5 लाख तक ऋण सीमा प्राप्त करने वाली इकाइयों को स्वीकृत किया जाए।

वसूली कार्य

4. सरकारी क्षेत्र के बैंकों की प्रत्यक्ष कृषि अग्रिमों की कुल वसूली में सुधार का रुख रहा। वसूली के प्रतिशत से यह

स्पष्ट है। यह वसूली जून 1992 में 54.09% थी जो जून 1994 में 57.05% हो गयी। तथापि सरकारी क्षेत्र के सभी बैंकों के समेकित ग्रामीण विकास कार्यक्रम ऋणों की वसूली के प्रतिशत में मामूली गिरावट का रुख रहा। माँग वसूली के प्रतिशत से यह स्पष्ट है। माँग वसूली जून 1992 में 31.76% थी जो जून 1994 में 30.09% हो गयी।

महत्वपूर्ण गतिविधियाँ

निक्षेप बीमा योजना - बैंक आफ कराड़ लिमिटेड का न्यायालय में वाद

5.1 जैसाकि पहले की रिपोर्टों में उल्लेख किया गया है, बैंक आफ कराड़ लिमिटेड के जमाकर्ताओं की कठिनाइयों को कम करने की दृष्टि से निगम ने बैंक के परिसमापक को जमाकर्ताओं में शीघ्र वितरण के लिए कुल रु. 37.00 करोड़ का खातागत भुगतान किया था। माननीय बंबई उच्च न्यायालय के समक्ष समझौते के अनुसार बैंक आफ इंडिया से निर्दिष्ट राशि प्राप्त होने और वसूलियाँ करने के बाद परिसमापक वह राशि निगम को लौटा देगा जो निगम द्वारा उसे जारी की गयी थी।

वर्ष के दौरान परिसमापक ने रु. 14.69 करोड़ (रु. 1.05 करोड़ की असंवितरित राशि सहित) की राशि की चुकौती की। बाकी राशि की चुकौती के संबंध में परिसमापक ने प्राथमिकता प्राप्त लेनदारों मुख्यत: आयकर बकाया के भुगतान के लिए राशि निश्चित की है तथा इस मामले में बंबई उच्च न्यायालय से अनुमति माँगी है। निगम ऐसी अनुमति दिए जाने का विरोध कर रहा है।

निगम के कार्यकलाप - एक विहंगम दृष्टि

5.2 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान निगम के निदेशक बोर्ड द्वारा ऋण गारंटी योजनाओं के कामकाज की समीक्षा की गयी। बोर्ड ने इस प्रयोजन के लिए श्री बी. राय, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक इलाहाबाद बैंक (अब सेवा निवृत्त) की अध्यक्षता में एक समिति गठित की। समिति को निम्नलिखित बातों पर विचार करना था :

क) निगम की ऋण गारंटी योजनाओं के अंतर्गत दावा देयता कम करने के लिए उपाय सुझाना,

ख) ऋण संस्थाओं द्वारा निगम को प्रस्तुत किए जाने वाले दावों की सत्यता सुनिश्चित करने के लिए उपाय सुझाना।

समिति ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है तथा समिति की सिफारिशों को निगम द्वारा जाँच की जा रही है।

5.3 जैसाकि पिछले वर्ष की रिपोर्ट में बताया गया है निक्षेप बीमा योजना, 1961 के अंतर्गत बीमा सुरक्षा एक ही अधिकार और हैसियत से प्रति जमाकर्ता प्रति बैंक 1 मई 1993 से रु. 30,000 से बढ़ाकर रु. 1,00,000 कर दी गयी है। बीमा किस्त की दर 1 जुलाई 1993 से प्रति रु. 100 प्रति वर्ष 4 पैसे से आंशिकरूप से बढ़ाकर 5 पैसे कर दी गयी है। कुल बीमाकृत बैंकों की संख्या 31 मार्च 1994 को 1990 थी जो 31 मार्च 1995 को बढ़कर 2025 हो गयी। एवं पूर्णत: संरक्षित खातों की संख्या 4956 लाख है जो कुल जमा खातों का 99.2 प्रतिशत है।

बीमाकृत जमा राशियाँ बैंकों की कुल निर्धारण योग्य जमा राशि रु. 364058 करोड़ का 73.3 प्रतिशत है। वर्ष के दौरान बीमा किस्त के रूप में रु. 193.28 करोड़ की राशि प्राप्त हुई। वर्ष के दौरान निगम ने एक सहकारी बैंक से प्राप्त कुल रु. 2.20 करोड़ के दावों का निपटान किया तथा 6 सहकारी बैंकों की दावा देयता के मामले में रु. 15.92 करोड़ का प्रावधान किया। 25 वाणिज्य बैंकों और 28 सहकारी बैंकों के मामले में अब तक कुल दावा अदाकृत राशि रु. 180.89 करोड़ रही। मार्च 1995 के अंत तक कुल रु. 36.76 करोड़ की चुकौतियाँ प्राप्त हुईं।

5.4 निगम द्वारा परिचालित तीन गारंटी योजनाओं के अंतर्गत वर्ष के दौरान कुल गारंटीकृत अग्रिमों की राशि मार्च 1994 के अंत में रु. 39,660.82 करोड़ है तथा इस में पिछले वर्ष की तुलना में गैर औद्योगिक क्षेत्र के लिए योजनाओं के अंतर्गत छोटे उधारकर्ताओं को गारंटीकृत अग्रिमों में 3.28 प्रतिशत, लघु उद्योग क्षेत्र के लिए गारंटीकृत अग्रिमों में 8.5 प्रतिशत की गिरावट आयी। तीन योजनाओं के अंतर्गत निगम के पास प्राप्त दावों में संख्यावार 3.4 प्रतिशत तथा राशिवार 15.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसी प्रकार वर्ष के दौरान निगम द्वारा निपटाये गये दावों में संख्यावार 17.9 प्रतिशत तथा राशिवार 14.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई। मासिक दावा निपटान दर सर्वाधिक रही। पिछले वर्ष 2,90,144 दावे प्रतिमाह निपटाये गये जबकि इस वर्ष 3,42,055 दावे प्रति माह निपटाये गये। रिपोर्ट के अधीन वर्ष के दौरान प्राप्त और निपटाये गये दावों की संख्या और राशिवार स्थिति तथा पिछले वर्ष से उसकी तुलनात्मक स्थिति अगले पृष्ठ पर दर्शायी गयी है।

(राशि करोड़ रुपये में)

	1993-94 के दौरान		1994-95 के दौरान		प्रतिशत वृद्धि (+)/ कमी (-)	
	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि
I. प्राप्त दावे						
निम्नलिखित के मामले में निगम की योजना						
(i) छोटे उधारकर्ता	46,72,885	1,167.60	47,93,205	1,348.11	(+) 2.6	(+) 15.5
(ii) लघु उद्योग	1,44,165	323.16	1,89,593	378.71	(+) 31.5	(+) 17.1
जोड़	48,17,050	1,490.76	49,82,798	1,726.82	(+) 3.4	(+) 15.8
II. निपटाये गए दावे						
निम्नलिखित के मामले में निगम की योजना						
(i) छोटे उधारकर्ता	33,58,702	1,026.36	39,11,870	1,100.26	(+) 16.5	(+) 7.2
(ii) लघु उद्योग	1,23,031	287.72	1,92,791	409.31	(+) 56.7	(+) 42.3
जोड़	34,81,733	1,314.08	41,04,661	1,509.57	(+) 17.9	(+) 14.9

5.5 वर्ष 1982 से 1988-89 अवधि के दौरान वैकल्पिक वर्ष एवं उसके पश्चात् प्रतिवर्ष दावों की प्राप्ति राशि एवं गारंटी शुल्क की प्राप्ति राशि की स्थिति इस प्रकार है :

(करोड़ रुपये)

वर्ष	गारंटी शुल्क प्राप्तियाँ	गारंटी दावा प्राप्तियाँ	अन्तर
1982	57.67	34.11	+ 23.56
1984	87.91	115.69	- 27.78
1986	127.25	245.86	-118.61
1988-89 (15 माह)	191.89	580.97	-389.08
1989-90	593.83	548.33	+ 45.50
1990-91	524.72	748.76	-224.04
1991-92	565.88	627.23	- 61.35
1992-93	702.78*	1143.27	-440.49
1993-94	846.09	1490.76	-644.67
1994-95	829.13	1726.82	-897.69

* पिछले वर्षों के संबंध में पुनर्निवेश प्रावधान सहित ।

5.6 1 अप्रैल 1989 से गारंटी शुल्क की दर बढ़ाकर 1.5 प्रतिशत किए जाने के कारण केवल वर्ष 1989-90 में गारंटी शुल्क प्राप्ति गारंटी दावों की प्राप्ति की तुलना में अधिक रही । चूँकि गारंटी शुल्क प्राप्ति गारंटी दावों की प्राप्ति की तुलना में लगातार 3 वर्ष तक कम रही इसलिए सभी तीनों ऋण गारंटी योजनाओं की अर्थक्षमता की जाँच की गयी और 1 अप्रैल 1993 से केवल लघु ऋण गारंटी योजना, 1971 के मामले में गारंटी शुल्क की दर बढ़ाकर 2.5 प्रतिशत की गयी । इस बढ़ोतरी के बावजूद गारंटी शुल्क प्राप्ति और गारंटी दावों की प्राप्ति में अन्तर वर्ष 1994-95 में बढ़कर रु. 897.69 करोड़ हो गया । योजनावार ब्योरा इस प्रकार है :

(राशि करोड़ रुपये में)

योजना	गारंटी दावों की प्राप्ति	गारंटी शुल्क प्राप्ति	अन्तर
i) लघु ऋण गारंटी योजना, 1971	1348.11	631.64	-716.47
ii) लघु ऋण (सहकारी बैंक) गारंटी योजना, 1984	-	0.14	+0.14
iii) लघु ऋण (लघु उद्योग) गारंटी योजना, 1981	378.71	197.35	-181.36
जोड़	1726.82	829.13	-897.69

वर्ष 1981 से गारंटी शुल्क की योजनावार प्राप्ति का ब्योरा अनुबंध XIII में दिया गया है।

निक्षेप बीमा कार्य

6.1 वर्ष के दौरान निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम 1961 के प्रावधान 1 जनवरी 1995 से सिक्किम राज्य पर भी लागू हो गए। एवं 10 वाणिज्य बैंक और 26 सहकारी बैंक बीमाकृत बैंक के रूप में पंजीकृत किए गए और एक सहकारी बैंक को विपंजीकृत किया गया। इस संबंध में ब्योरा अनुबंध-IIए में दिया गया है। इस प्रकार निगम के पास निक्षेप बीमा योजना के अंतर्गत बीमाकृत बैंकों की कुल संख्या बढ़कर 31 मार्च 1995 को 2025 हो गयी जबकि 31 मार्च 1994 को यह संख्या 1990 थी।

(निगम द्वारा 1962 से पंजीकृत किए गए बैंकों की संख्या का ब्योरा अनुबंध I में दिया गया है)।

6.2 वर्तमान में निक्षेप बीमा योजना सभी वाणिज्य बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित) और 20 राज्यों तथा 2 केन्द्रशासित प्रदेशों (अनुबंध-II) के सहकारी बैंकों पर लागू है। पंजाब राज्य को छोड़कर शेष बचे राज्यों और संघशासित प्रदेशों द्वारा उनके सहकारी समितियाँ अधिनियम में अपेक्षित संशोधन अभी किए जाने हैं। अधिनियम के प्रावधान पंजाब राज्य पर 1 अप्रैल 1995 से लागू हो गए हैं।

6.3 खातों की संख्या और निगम के पास बीमाकृत खातों और जमाकर्ताओं को दी गयी सुरक्षा की सीमा की जून 1993 तथा जून 1994 के अंत की स्थिति इस प्रकार थी :

(करोड़)

	जून 1993	जून 1994
1. खातों की कुल संख्या (लाखों में)	3,529	4,994
2. पूर्णत: संरक्षित खाते (लाखों में)	3,497	4,956
3. 2 के प्रति 1 का प्रतिशत	99.1	99.2
4. निर्धारण योग्य जमाराशियाँ	2,49,034	3,64,058
5. बीमाकृत जमाराशियाँ	1,68,405	2,66,747
6. 5 के प्रति 4 का प्रतिशत	67.6	73.3

(पूर्व के वर्षों के संबंध में विवरण अनुबंध III व IV में दिया गया है।)

जून 1994 के अंत में पूर्णत: संरक्षित खातों और आंशिकरूप से संरक्षित खातों की जमा राशियाँ कुल निर्धारण योग्य जमा राशियों का क्रमश: 70.14 प्रतिशत तथा 29.86 प्रतिशत है।

6.4 वर्ष 1993-94 और 1994-95 के दौरान बीमाकृत बैंकों से प्राप्त श्रेणीवार क़िस्त (अतिदेय किस्त पर ब्याज सहित) का अलग-अलग विवरण इस प्रकार है :

(करोड़ रुपये)

बैंकों की श्रेणी	प्राप्त किस्तें	
	1993-94	1994-95
i) वाणिज्य बैंक	138.15	170.95
ii) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	4.09	4.74
iii) सहकारी बैंक	14.11	17.59
	156.35	193.28

6.5 वर्ष 1994-95 के दौरान निगम ने एक बैंक अर्थात् सिटीजन्स अर्बन को-आपरेटिव बैंक लिमिटेड, इन्दौर के रु. 2.20 करोड़ के दावों का निपटान किया।

एवं निम्नलिखित बैंकों के जमाकर्ताओं को दावा देयताओं के संबंध में खातों में रु. 15.92 करोड़ का प्रावधान किया गया है :

(क) वसावी को आपरेटिव अर्बन बैंक लिमिटेड, गुरजाला, गुजरात का रु. 0.01 करोड़ का पूरक दावा।

(ख) नवदीप को-आपरेटिव बैंक लिमिटेड, अहमदाबाद, गुजरात के संभावित दावे के लिए रु. 5.52 करोड़।

(ग) मैट्रोपालिटन को आपरेटिव बैंक लिमिटेड, बंबई महाराष्ट्र की शेष राशि के रूप में रु. 0.34 करोड़।

(घ) 1 दिसंबर 1994 से परिसमापनाधीन चेतना को-आपरेटिव बैंक लिमिटेड, बंबई, महाराष्ट्र के संबंध में रु. 9.62 करोड़।

(ङ) 31 अगस्त 1994 से परिसमापनाधीन बीजापुर इंडस्ट्रियल को-आपरेटिव बैंक लिमिटेड, बागलकोट, कर्नाटक के संबंध में रु. 0.28 करोड़।

(च) 31 अगस्त 1994 से परिसमापनाधीन धारवाड़ इंडस्ट्रियल को-आपरेटिव बैंक लिमिटेड, हुबली, कर्नाटक के संबंध में रु. 0.15 करोड़।

6.6 31 मार्च 1995 को 25 वाणिज्य बैंकों के मामले में संपूर्ण दावा अदाकृत राशि (संचयी) रु. 172.92 करोड़ अपरिवर्तित रही। मार्च 1995 तक कुल रु. 35.84 करोड़ (वर्ष के दौरान प्राप्त रु. 17.02 करोड़ सहित) की चुकौतियाँ प्राप्त हुईं। 28 सहकारी बैंकों के मामले में कुल दावा अदाकृत राशि प्रारम्भ से 31 मार्च 1995 तक रु. 7.97 करोड़ (वर्ष के दौरान अदाकृत रु. 2.20 करोड़ सहित) प्राप्त हुईं। 31 मार्च 1995 तक कुल रु. 0.92 करोड़ (वर्ष के दौरान प्राप्त रु. 0.02 करोड़ सहित) की चुकौतियाँ प्राप्त हुईं। 31 मार्च 1995 तक जिन 53 बैंकों के मामले में दावे अदा किए गए, बट्टे खाते डाले गए, प्रावधान किया गया और चुकौतियाँ प्राप्त हुई उनका ब्योरा अनुबंध V में दिया गया है।

ऋण गारंटी कार्य

क) छोटे उधारकर्ताओं के लिए ऋण गारंटी योजनाएँ

7. छोटे उधारकर्ताओं के लिए निगम की दो ऋण गारंटी योजनाएँ हैं अर्थात लघु ऋण गारंटी योजना, 1971 और लघु ऋण (सहकारी बैंक) गारंटी योजना, 1984 इन में कृषि और सहायक गतिविधियों, परिवहन, खुदरा व्यापार, लघु व्यवसाय आदि के लिए वाणिज्य बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित) और प्राथमिक शहरी सहकारी बैंकों द्वारा स्वीकृत अग्रिम शामिल हैं।

8. छोटे उधारकर्ताओं के संबंध में गारंटी योजनाओं की समग्र स्थिति इस प्रकार है :

लघु ऋण गारंटी योजना, 1971

9.1 योजना के अंतर्गत क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित वाणिज्य बैंकों द्वारा कृषि और सहायक गतिविधियों, परिवहन, खुदरा व्यापार, लघु व्यवसाय आदि के लिए स्वीकृत अग्रिमों को गारंटी सुरक्षा प्रदान की जाती है।

9.2 वर्ष के दौरान निगम द्वारा 8 वाणिज्य बैंकों तथा 11 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को योजना से बाहर होने की अनुमति प्रदान की गयी। परिणामस्वरूप योजना के अंतर्गत सहभागी ऋण संस्थाओं की संख्या 31 मार्च 1995 को घट कर 214 (39 वाणिज्य बैंक और 175 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक) रह गयी जबकि 31 मार्च 1994 को इनकी संख्या 233 थी (अनुबंध VI और VII)।

9.3 योजना के अंतर्गत गारंटीकृत अग्रिम 31 मार्च 1994 को रु. 25,474.28 करोड़ थे, इन अग्रिमों की राशि में पिछले वर्ष की तुलना में 3.28 प्रतिशत की गिरावट आयी। इसका मुख्य कारण 19 ऋण संस्थाओं का योजना से बाहर होना है। योजना में रु. 25,483.87 करोड़ के गैर लघु उद्योग खंड के कुल प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिमों का 99.96 प्रतिशत शामिल है। गारंटीकृत अग्रिमों का वर्षवार तथा क्षेत्रवार अलग-अलग ब्योरा अनुबंध VIII में दिया गया है। गारंटीकृत अग्रिमों का क्षेत्रवार अलग-अलग ब्योरा तथा उसकी तुलना में प्राप्त दावों

(राशि करोड़ रुपये में)

उधारकर्ताओं की श्रेणी	मार्च 1994 को गारंटीकृत अग्रिम	प्राप्त दावों की राशि			2 के प्रति 5 का प्रतिशत
		मार्च 1994 तक	1994-95 के दौरान	मार्च 1995 तक (3+4)	
1.	2.	3.	4.	5.	6.
1. कृषक और खेतिहर	17,075.41	1,850.63	646.42	2,497.05	14.62
2. अन्य प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम	7,840.98	2,396.29	683.49	3,079.78	39.27
3. विभेदक ब्याज दर योजना के अंतर्गत उधारकर्ताओं की बाकी बची श्रेणियाँ और उपभोग तथा घर या आवास के क्रय या निर्माण के लिए ऋण सुविधा	557.89	122.11	18.20	140.31	25.15
जोड़	25,474.28	4,369.03	1,348.11	5,717.14	22.44

की राशि को प्रतिशत आधार पर नीचे दर्शाया गया है :

उधारकर्ताओं की श्रेणी	कुल का प्रतिशत	
	गारंटीकृत अग्रिम	प्राप्त दावे
i) कृषक और खेतिहर	67.03	47.95
ii) प्राथमिकता क्षेत्र के अन्य उधारकर्ता	30.78	50.70
iii) विभेदक ब्याज दर अग्रिम आदि	2.19	1.35
जोड़	100.00	100.00

9.4 रिपोर्ट के अधीन वर्ष के दौरान, निगम को रु. 1,348.11 करोड़ के 47,93,205 दावे प्राप्त हुए। पिछले वर्ष रु. 1,167.58 करोड़ के 46,72,831 दावे प्राप्त हुए थे। इस प्रकार दावों की संख्या में 2.51 प्रतिशत तथा राशि में 13.39 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वर्ष के दौरान रु. 1,348.11 करोड़ के दावे प्राप्त हुए यह राशि योजना के अंतर्गत गारंटीकृत रु. 25,474.28 करोड़ का 5.29 प्रतिशत है। (छोटे उधारकर्ताओं के मामले में सभी योजनाओं के अंतर्गत क्षेत्रवार प्राप्त दावों का अलग-अलग ब्योरा अनुबंध X में दिया गया है)। निगम ने वर्ष के दौरान रु. 1,100.22 करोड़ के 39,11,829 दावों का निपटान किया जबकि पिछले वर्ष के दौरान रु. 1,026.26 करोड़ के 33,58,615 दावे निपटाये गये थे। इस वर्ष की दावों की औसत मासिक निपटान दर 3,25,986 दावे रही जबकि पिछले वर्ष यह दर 2,79,885 दावे प्रति माह थी।

9.5 निगम के प्रस्थापन अधिकार के कारण वर्ष के दौरान रु.109.84 करोड़ की वसूलियाँ प्राप्त हुई थीं। पिछले वर्ष के दौरान रु. 109.84 करोड़ की वसूलियाँ प्राप्त हुई थीं। वसूलियों में वृद्धि का मूल कारण भारत सरकार से सरकारी क्षेत्र के बैंकों को मिली राहत राशि में से निगम के हिस्से का प्राप्त होना है। योजना के प्रारम्भ से अब तक वसूलियों की कुल राशि रु. 657.86 करोड़ रही जो दावा अदाकृत रु. 4,193.74 करोड़ (संचयी) का 15.68 प्रतिशत है।

लघु ऋण (सहकारी बैंक) गारंटी योजना 1984

10.1 योजना 1984 में प्रारम्भ की गयी तथा इसके अंतर्गत प्राथमिक शहरी सहकारी बैंकों द्वारा गैर कृषि प्रयोजनों के लिए दिए जाने वाले अग्रिमों को सुरक्षा प्राप्त हैं।

10.2 वर्ष के दौरान योजना के सहभागी सहकारी बैंकों की संख्या 6 कम हुई और 31 मार्च 1995 को इनकी संख्या 22 से घटकर 16 हो गयी (अनुबंध VI और VII)। योजना के अंतर्गत 31 मार्च 1994 को गारंटीकृत कुल अग्रिम रु. 9.59 करोड़ थे जबकि 31 मार्च 1993 को ये अग्रिम रु. 8.08 करोड़ थे। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान निगम को कोई नया दावा प्राप्त नहीं हुआ।

ख) लघु उद्योगों के लिए ऋण गारंटी योजनाएँ

अ) लघु उद्योगों के लिए सरकार की ऋण गारंटी योजना (अब निरस्त)

11.1 सरकार की योजना बंद हो गयी है और निगम ने दावे/अभ्यावेदन स्वीकार करना अंतिम रूप से बंद कर दिया है। योजना के अंतर्गत विचाराधीन सभी दावों का निपटान मार्च 1992 तक कर दिया गया था। तथापि भारत सरकार के एजेंट के रूप में निगम दावा अदाकृत खातों से वसूलियों के लिए प्रयासरत है।

11.2 दावा अदाकृत खातों से हुई वसूलियों में से 10 प्रतिशत अपने पास रखने की भारत सरकार की अनुमति के अनुसार योजना के अंतर्गत वर्ष 1993-94 में दावा अदाकृत खातों से हुई रु. 2.04 करोड़ की कुल वसूली में से किए गए प्रशासनिक खर्च के रूप में रु. 0.20 करोड़ तथा ऋण संस्थाओं से प्राप्त अधिक गारंटी शुल्क के निपटान के रूप में रु. 0.20 करोड़ अपने पास रखने के बाद निगम ने अगस्त 1994 में रु. 1.72 करोड़ की राशि सरकार को भेज दी है। एवं, वर्ष 1994-95 के दौरान प्राप्त रु. 1.64 करोड़ की राशि में से संस्थापन खर्च के रूप में निगम का हिस्सा अपने पास रखने के बाद राशि सरकार को भेजी जा रही है।

(आ) निगम की लघु ऋण (लघु उद्योग) गारंटी योजना, 1981

12.1 उपर्युक्त योजना में 31 मार्च 1995 को 269 ऋण संस्थाएँ सहभागी थी (31 मार्च 1994 को 308)। इनमें 39 वाणिज्य बैंक, 139 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और 91 सहकारी बैंक शामिल हैं (अनुबंध VI)। वर्ष के दौरान गारंटी शुल्क के भुगतान में चूक करने अथवा योजना से बाहर होने का विकल्प चुनने के कारण योजना से 39 ऋण संस्थाओं के नाम हटा दिए गए हैं।

12.2 भारतीय रिज़र्व बैंक की प्राथमिकता क्षेत्र परिभाषा में आनेवाले लघु उद्योग क्षेत्र के गारंटीकृत अग्रिमों की राशि 31 मार्च 1994 को रु. 14,176.95 करोड़ थी जबकि 31 मार्च 1993 को यह राशि रु. 15,502.66 करोड़ थी। इस प्रकार इस में 8.55 प्रतिशत की गिरावट आयी।

12.3 निगम को वर्ष 1994-95 के दौरान रु. 378.71 करोड़ के 1,89,593 दावे प्राप्त हुए जबकि पिछले वर्ष के दौरान रु. 323.16 करोड़ के 1,44,165 दावे प्राप्त हुए। वर्ष के दौरान रु. 409.31 करोड़ राशि के लिए 1,92,791 दावे निपटाये गये। वर्ष 1993-94 के दौरान रु. 287.72 करोड़ की राशि के लिए 1,23,031 दावे निपटाये गये थे। 1 अप्रैल 1981 से वर्षवार प्राप्त हुए और निपटाए गए दावों का राशिवार अलग-अलग ब्योरा अनुबंध XI में दिया गया है (वर्ष के दौरान निपटाये गये दावों का राशिवार अलग-अलग ब्योरा अनुबंध XII में दिया गया है)। 31 मार्च 1995 को रु. 59.69 करोड़ के 41,212 दावे विचाराधीन थे।

12.4 निगम के प्रस्थापन अधिकार के कारण वर्ष के दौरान योजना के अंतर्गत रु. 28.67 करोड़ की वसूलियाँ प्राप्त हुईं। वर्ष 1981 से 31 मार्च 1995 तक कुल चुकौतियाँ रु. 112.16 करोड़ की राशि की प्राप्त हुई और ये चुकौतियाँ कुल दावा राशि रु. 900.07 करोड़ का 12.5 प्रतिशत है।

12.5 योजना के अंतर्गत 31 मार्च 1995 तक कुल रु.2,238.59 करोड़ के दावे प्राप्त हुए। दावों की यह राशि लघु उद्योग क्षेत्र के कुल गारंटीकृत अग्रिमों रु. 14,176.95 करोड़ का 15.8 प्रतिशत है।

12.6 योजना के अंतर्गत रु. 8 लाख और अधिक राशि के उच्च मूल्य दावे 'दावा समिति' द्वारा देखे जाते हैं। वर्ष के दौरान समिति ने रु. 1.65 करोड़ के 17 दावों का निपटान किया।

लेखे

तुलन-पत्र तथा आय व्यय लेखे

13.1 मार्च 1995 को समाप्त वर्ष के संबंध में आय-व्यय लेखे तथा निगम की तीनों निधियों अर्थात् निक्षेप बीमा निधि, ऋण गारंटी निधि और सामान्य निधि को 31 मार्च 1995 की स्थिति का तुलन-पत्र तथा उन पर लेखा परीक्षक की रिपोर्ट संलग्न है।

13.2 निगम ने वर्ष 1987 से निक्षेप बीमा निधि और ऋण गारंटी निधि को देयताओं के बीमांकिक आधार पर मूल्यांकन की व्यवस्था लागू कर रखी है। तद्नुसार तीनों निधियों ने विचाराधीन दावों आदि सहित सभी प्रावधानों के बाद रु. 125.64 करोड़ का घाटा दिखाया है जबकि पिछले वर्ष रु. 98.91 करोड़ का निवल घाटा था। सभी आवश्यक प्रावधान किए जाने के बाद निक्षेप बीमा निधि में रु. 225.47 करोड़ की अतिरिक्त राशि उपलब्ध है। ऋण गारंटी निधि में रु. 348.69 करोड़ तथा सामान्य निधि में रु. 2.42 करोड़ का घाटा है। ऋण गारंटी निधि के रु. 348.69 करोड़ के घाटे को इतनी ही राशि निक्षेप बीमा निधि से अंतरित कर बराबर किया गया है। सामान्य निधि के रु. 2.42 करोड़ के घाटे को जनरल रिज़र्व में अंतरित कर बराबर किया गया है।

13.3 जैसाकि पिछले वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट में उल्लेख है 31 मार्च 1994 को ऋण गारंटी निधि से निक्षेप बीमा निधि को रु. 858.05 करोड़ की निवल राशि देय है। यह राशि वर्ष 1987 के बाद रहे अतिरिक्त घाटे की राशि है। ऋण गारंटी निधि का चालू वर्ष का रु. 348.69 करोड़ का घाटा निक्षेप बीमा निधि से इतनी ही राशि अंतरित करके बराबर किया गया है। परिणामस्वरूप वर्ष के अंत में निक्षेप बीमा निधि को देय राशि बढ़कर रु. 1206.74 करोड़ हो गयी है।

बजट नियंत्रण

14. तीनों निधियों अर्थात् निक्षेप बीमा निधि, ऋण गारंटी निधि और सामान्य निधि के अंतर्गत राजस्व और व्यय के मामले में निगम का बजट नियंत्रण है।

निवेश

15.1 निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के अनुसार जिन राशियों की तत्काल आवश्यकता नहीं होती उन्हें खजाना बिलों सहित केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों में निविष्ट किया जाता है। निवेशों का ब्योरा अनुबंध XIV में दिया गया है। तीनों निधियों के निवेशों के मूल्यह्रास के लिए पूर्णत: प्रावधान किया गया है।

निवेश समिति

15.2 जैसाकि पिछले वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है, राय समिति (निवेशों से आय में सुधार के लिए सुझावों

हेतु गठित) की विभिन्न सिफारिशों की जाँच की गयी तथा आवश्यक कार्रवाई प्रारम्भ की गयी।

i) निगम के निधि के निवेशों के संबंध में निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम 1961, की धारा 25 में संशोधन का मामला अभी भी भारत सरकार के पास विचाराधीन है। वित्त मंत्रालय (भारत सरकार) के विधि मंत्रालय की सलाह के अनुसार निगम द्वारा प्रस्तावित संशोधन में कुछ मामूली सुधार सुझाए हैं जिन्हें निगम ने स्वीकार कर लिया है। भारत सरकार ने अब भारतीय रिज़र्व बैंक से अनुमोदन के लिए अनुरोध किया है।

ii) निगम के निवेशों को स्टाक-इन-ट्रेड मानने की अनुमति प्रदान करने का मामला वित्त मंत्रालय को भेजा गया है। केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के परामर्श के अनुसार आर्थिक कार्य विभाग ने हाल ही में सूचित किया है कि प्रतिभूतियों में किए गए किसी विशेष निवेश को स्टाक-इन-ट्रेड या पूँजीगत आस्ति मानने का प्रश्न तथ्यात्मक है तथा इसका निर्णय निर्धारणकर्ता अधिकारी द्वारा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी मार्गदर्शी सिद्धान्तों के आधार पर किया जाए।

iii) आय कर अधिनियम (धारा 44/115 बी) के अंतर्गत जिस प्रकार जीवन बीमा निगम और जनरल इंश्योरेंस कार्पोरेशन को कर देयता के निर्धारण के लिये विशेष दर्जा प्रदान किया गया है उसी प्रकार का दर्जा निगम को प्रदान करने के लिए भारत सरकार से पहले ही अनुरोध किया गया है।

सामान्य

लेखा परीक्षक

16.1 निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम 1961 की धारा 29(1) के अनुसार निदेशक बोर्ड ने भारतीय रिज़र्व बैंक के पूर्व अनुमोदन से मैसर्स व्यास एंड व्यास, सनदी लेखाकार, जयपुर को 31 मार्च 1995 को समाप्त वर्ष के लिए लेखा परीक्षक नियुक्त किया है।

हिंदी की प्रगति

16.2 निगम द्वारा अपने दैनिक कामकाज में हिंदी के प्रयोग और उसकी प्रगति के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। निगम का प्रधान कार्यालय राजभाषा नियमावली 1976 के नियम 10(4) के अंतर्गत अधिसूचित है। निगम की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों का समय-समय पर आयोजन किया जाता है। स्टाफ को अधिकाधिक हिंदी प्रयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। निगम की वार्षिक रिपोर्ट द्विभाषिक रूप में प्रकाशित की जाती है। हिंदी समाचार पत्र और पत्रिकाएँ खरीदी जाती हैं तथा स्टाफ के बीच परिचालित की जाती हैं। निगम में "आज का शब्द" प्रदर्शित किया जा रहा है। निगम के स्टाफ सदस्यों को भारत सरकार के विभिन्न हिंदी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए प्रतिनियुक्त किया जाता है। भारत सरकार को हिंदी शिक्षण योजना के अंतर्गत एक टंकक ने हिंदी टंकण तथा एक आशुलिपिक ने हिंदी आशुलिपि परीक्षा उत्तीर्ण की है।

प्रशिक्षण और प्रतिनियुक्ति

16.3 नेशनल इन्स्टीट्यूट आफ स्माल इंडस्ट्री एक्सटेंसन ट्रेनिंग हैदराबाद द्वारा "लघु उद्योग वित्तपोषण" पर संचालित अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम में भाग लेने वाले विकासशील देशों के वाणिज्य बैंकों और वित्तीय संस्थाओं के 12 सदस्यों के एक समूह ने निगम में आकर निगम के कार्य और कार्य प्रक्रिया का अध्ययन किया तथा निगम के पदाधिकारियों से विचार विमर्श किया। इसके अतिरिक्त बैंक आफ तंजानिया, दार-ए-सलाम के दो पदाधिकारी निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करने के लिए निगम में आए। निगम ने वाणिज्य बैंकों, वित्तीय संस्थाओं और भारतीय रिज़र्व बैंक के विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों में निगम की विभिन्न योजनाओं और उनके अंतर्गत दावों के निपटान के संबंध में सत्र लेने के लिए अपने अधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया। निगम के सभी श्रेणियों के स्टाफ सदस्यों को भारतीय रिज़र्व बैंक के विभिन्न प्रशिक्षण केन्द्रों पर प्रशिक्षण के लिए भेजा गया। रिपोर्ट के अधीन वर्ष के दौरान विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए 48 अधिकारियों और 34 लिपिकीय स्टाफ सदस्यों को प्रतिनियुक्त किया गया।

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निरीक्षण और वित्तीय लेखा परीक्षा

16.4 भारतीय रिज़र्व बैंक के निरीक्षण विभाग ने 6 जून 1994 से 9 जुलाई 1994 के दौरान निगम के प्रधान कार्यालय का "सिस्टम्स और स्टाफिंग" के मामले में दूसरी बार निरीक्षण किया। वर्ष के दौरान निगम के चार शाखा कार्यालयों का भी दूसरी बार निरीक्षण किया गया। क्षेत्रीय लेखा परीक्षा कक्ष द्वारा 30.9.1994 को समाप्त छमाही के लिए निगम की लेखा परीक्षा

भी की गयी। रिपोर्टों में निर्दिष्ट अनियमितताओं/सुझावों में से अधिकांश का निगम द्वारा सुधार कर दिया गया/लागू कर दिया गया है।

प्रबंध तन्त्र

17. निगम के तत्कालीन अध्यक्ष श्री डी.आर. मेहता की प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति के परिणामस्वरूप भारतीय रिज़र्व बैंक के उप गवर्नर श्री एस.पी. तलवार को निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम 1961 की धारा 6(1) (ए) के अंतर्गत 8 मार्च 1995 से निगम का अध्यक्ष नामित किया गया। अब श्री एस.पी. तलवार के स्थान पर श्री आर.वी. गुप्ता, उप गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक को दिनांक 24 मई 1995 से निगम का अध्यक्ष नामित किया गया है।

श्री पी.एन. जोशी, अध्यक्ष, यूनाइटेड वैस्टर्न बैंक लिमिटेड, सतारा (महाराष्ट्र) को 14 जून 1993 से 31 अक्तूबर 1993 तक निगम के बोर्ड में निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम 1961 की धारा 6(1)(ई) के अंतर्गत नामित किया गया था। निदेशक के रूप में उनका कार्यकाल भारत सरकार द्वारा 31 अक्तूबर 1995 तक के लिए बढ़ा दिया गया है।

श्री ई.सी. नायर, प्रख्यात सहकारी बैंकर, त्रिवेन्द्रम (केरल) को निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम 1961 की धारा 6(1)(डी) के अंतर्गत निगम के निदेशक बोर्ड में 12 सितंबर 1994 से तीन वर्ष के लिए निगम का निदेशक नामित किया गया है। श्री हरभजन सिंह, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, इलाहाबाद बैंक, कलकत्ता (पश्चिम को श्री बी. राय के स्थान पर जो 30 नवंबर 1994 से अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक नहीं रहे हैं, निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम 1961 की धारा 6(1)(ई) के अंतर्गत 1 दिसंबर 1994 से निगम का पदेन निदेशक नामित किया गया है।

सरकार की 7 फरवरी 1995 की अधिसूचना के अनुसार अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, पंजाब नेशनल बैंक तथा अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक कार्पोरेशन बैंक को निगम के निदेशक बोर्ड में निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम 1961 की धारा 6(1)(ई) के अंतर्गत पदेन निदेशक नामित किया गया है। तद्नुसार डॉ. एम.के. सिन्हा के स्थान पर श्री रशीद जिलानी, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, पंजाब नेशनल बैंक निगम के निदेशक होंगे।

श्री के.आर. राममूर्ति जिन्हें कार्पोरेशन बैंक का अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है, श्री हरभजन सिंह के स्थान पर दिनांक 7 फरवरी 1995 से निगम के निदेशक हैं।

18. 31 मार्च 1995 को समाप्त वर्ष के दौरान निगम के निदेशक बोर्ड की चार बैठकों का आयोजन किया गया।

19. स्टाफ द्वारा परिचालनात्मक क्षमता को बरकरार रखने की निगम के स्टाफ की बोर्ड बहुत-बहुत सराहना करता है।

निक्षेप बीमा और
प्रत्यय गारंटी निगम,
बंबई 400 039.

दिनांक: 29 जून 1995

निदेशक मंडल की ओर से
और उसके वास्ते

(आर. वी. गुप्ता)
अध्यक्ष

अनुबंध - I

वर्ष 1962 से निक्षेप बीमा योजना में शामिल बैंकों की संख्या दर्शानेवाला विवरण

अवधि/वर्ष	वर्ष/अवधि के प्रारंभ में पंजीकृत बैंकों की संख्या	वर्ष/अवधि के दौरान पंजीकृत बैंकों की संख्या	उन विपंजीकृत बैंकों की संख्या जहां निगम में देयता		जोड़ (4+5)	वर्ष/अवधि के अंत में पंजीकृत बैंकों की संख्या (2+3-6)
			आयी	नहीं आयी		
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.
1962	287	–	2	9	11	276
1963 से 1965	276	1	7	161	168	109
1966 से 1970	109	1	5	22	27	83
1971 से 1975	83	544	–	16	16	611
1976 से 1980	611	995	9	15	24	1582
1981 से 1985	1582	280	8	17	25	1837
1986 से 1989-90	1837	102	8	10	18	1921
1990-1991	1921	8	5	2	7	1922
1991-1992	1922	14	2	3	5	1931
1992-1993	1931	3	2	1	3	1931
1993-1994	1931	63	1	3	4	1990
1994-95	1990	36	–	1	1	2025

1992-93, 1993-94 और 1994-95 के अंत में बीमाकृत बैंकों की श्रेणीवार स्थिति का अलग-अलग विवरण

वर्ष	बीमाकृत बैंकों की संख्या			
	वाणिज्य बैंक	क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	सहकारी बैंक	जोड़
1992-93	80	196	1655	1931
1993-94	80	196	1714	1990
1994-95	90	196	1739	2025

अनुबंध - II

बीमाकृत बैंकों की स्थिति का सार
(31 मार्च 1995 की स्थिति)

I.	वाणिज्य बैंक.....	90
II.	क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक.....	196
III.	सहकारी बैंक.....	1739
		2025

सहकारी बैंकों का राज्यवार अलग-अलग विवरण

	राज्य	अपैक्स	सेन्ट्रल	प्राइमरी	जोड़
1.	आंध्र प्रदेश	1	22	61	84
2.	आसाम	1	1	8	10
3.	बिहार	1	34	3	38
4.	दिल्ली	1	–	14	15
5.	गोवा	1	–	6	7
6.	गुजरात	1	21	290	312
7.	हरियाणा	1	13	8	22
8.	हिमाचल प्रदेश	1	2	4	7
9.	जम्मू और कश्मीर	1	3	3	7
10.	कर्नाटक	1	22	208	231
11.	केरल	1	14	56	71
12.	मध्य प्रदेश	1	45	46	92
13.	महाराष्ट्र	1	31	392	424
14.	मणिपुर	1	–	5	6
15.	उड़िसा	1	17	14	32
16.	राजस्थान	1	27	24	52
17.	तमिलनाडू	1	21	133	155
18.	त्रिपुरा	1	–	1	2
19.	उत्तर प्रदेश	1	57	46	104
20.	पश्चिम बंगाल	1	17	48	66
	केन्द्र शासित क्षेत्र				
1.	पॉंडिचेरी	1	–	1	2
2.	दमण और दीव	–	–	–	–
	जोड़	21	347	1371	1739
	पंजाब	1	17	5	23*

* 1.4.1995 से बीमाकृत

अनुबंध - II ए

वर्ष 1994-95 के दौरान पंजीकृत/बीमाकृत बैंक

I. वाणिज्य बैंक

1. इंडुसिंड बैंक लिमिटेड
2. आइ.सी.आइ.सी.आइ. बैंकिंग कार्पोरेशन लिमिटेड
3. यू.टी.आइ. बैंक लिमिटेड
4. द चेज मैनहट्टन बैंक लिमिटेड
5. ग्लोबल ट्रस्ट बैंक लिमिटेड
6. द डेवलपमेन्ट बैंक आफ सिंगापुर लिमिटेड
7. एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड
8. स्टेट बैंक आफ मॉरिशस लिमिटेड
9. सेंट्रूरियन बैंक लिमिटेड
10. सिक्किम बैंक लिमिटेड

II. सहकारी बैंक

राज्य	बैंक का नाम
आंध्र प्रदेश	1. आर्यन को-आपरेटिव बैंक लिमिटेड
कर्नाटक	1. ओणाके ओबावा महिला को-आपरेटिव बैंक लि. 2. बीजापुर डिस्ट्रिक्ट महिला को-आपरेटिव बैंक लिमिटेड 3. चैतन्य महिला को-आपरेटिव बैंक लिमिटेड 4. सिद्धगंगा अर्बन को-आपरेटिव बैंक लिमिटेड 5. श्री चन्नबसवस्वामी अर्बन को-आपरेटिव बैंक लि.
महाराष्ट्र	1. सातारा डिस्ट्रिक्ट मर्चन्ट को-आपरेटिव बैंक लि. 2. अजिंक्यतारा सहकारी बैंक लिमिटेड 3. संत जनाबाई नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड 4. चेतक अर्बन को-आपरेटिव बैंक लिमिटेड 5. महिला अर्बन को-आपरेटिव बैंक लिमिटेड 6. अमन सहकारी बैंक लिमिटेड 7. पूर्णा नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड 8. अमरावती मर्चन्टस् सहकारी बैंक मर्यादित 9. प्रियदर्शिनी महिला नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड 10. महेश अर्बन को-आपरेटिव बैंक लिमिटेड 11. श्री समर्थ सहकारी बैंक लिमिटेड 12. जयप्रकाश नारायण नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड 13. यवतमाल महिला सहकारी बैंक लिमिटेड

अनुबंध - II ए (जारी)

राज्य	बैंक का नाम
मध्य प्रदेश	1. लक्ष्मी महिला नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड
	2. भोज नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड
	3. विवेकानन्द नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित
	4. विक्रमादित्य नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित
	5. नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड, छिंदवाडा
	6. व्यापारिक औद्योगिक सहकारी बैंक लिमिटेड
राजस्थान	1. सवाई माधोपुर अर्बन को-आपरेटिव बैंक लिमिटेड
	"ख" विपंजीकृत
महाराष्ट्र	* दक्कन को-आपरेटिव बैंक लिमिटेड

* इचलकरंजी जनता सहकारी बैंक लिमिटेड, इचलकरंजी, महाराष्ट्र में विलय

अनुबंध - III

बीमाकृत बैंकों के जमाकर्ताओं को प्रदान की गयी सुरक्षा की सीमा दर्शानेवाला विवरण

(वाणिज्य बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और सहकारी बैंक)

(दिसंबर 1961 के अंतिम शुक्रवार और जून 1981 से जून 1994 तक के अंतिम कार्य दिवस की स्थिति)

वर्ष	पूर्णत: संरक्षित खातों की संख्या* (लाखों में)	खातों की कुल संख्या (लाखों में)	(3) के प्रति (2) का प्रतिशत	बीमाकृत जमाराशियाँ* (करोड़ रुपये में)	कुल निर्धारणीय जमाराशियाँ (करोड़ रुपये में)	(6) के प्रति (5) का प्रतिशत
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.
1961	55.42	70.58	78.5	392.32	1,693.74	23.1
1981	1,364.62	1,377.07	99.1	25,859.20	35,004.43	73.9
1982	1,580.98	1,598.24	98.9	31,773.92	42,360.41	75.0
1983	1,784.97	1,815.82	98.3	37,746.39	50,796.54	74.3
1984	2,000.97	2,025.94	98.7	46,339.53	61,880.23	74.8
1985	2,145.16	2,238.37	95.8	56,211.15	76,517.22	73.5
1986	2,320.05	2,359.60	98.0	62,878.13	86,213.96	72.9
1987	2,518.01	2,568.51	98.0	75,511.19	1,03,044.16	73.3
1988-89	2,704.87	2,780.88	97.3	90,191.69	1,26,864.19	71.1
1989-90	3,059.11	3,141.68	97.4	1,01,681.96	1,40,745.95	72.2
1990-91	2,982.52	3,089.12	96.5	1,09,315.52	1,56,891.90	69.7
1991-92	3,169.18	3,287.00	96.4	1,27,924.91	1,86,307.39	68.7
1992-93	3,395.03	3,543.02	95.8	1,64,526.57	2,44,375.38	67.3
1993-94	3,497.10	3,529.03	99.1	1,68,404.82	2,49,033.83	67.6
1994-95	4,956.05	4,993.99	99.2	2,66,746.65	3,64,057.60	73.3

* अर्थात् खातों की संख्या जिनमें 1967 के अंत तक रु. 1,500/- 1981 से 1992-93 तक रु. 30,000/- और 1993-94 के बाद रु. 1.00 लाख से अनधिक शेष राशियाँ रहीं।

अनुबंध - IV

वर्ष 1992-93, 1993-94 और 1994-95 के लिए बीमाकृत बैंकों के जमाकर्ताओं को (वर्गवार) प्रदान की गयी सुरक्षा की सीमा दर्शानेवाला विवरण

वर्ष	बैंकों की श्रेणी	बीमाकृत बैंकों की कुल संख्या	सूचना देनेवाले बैंकों की संख्या	बीमाकृत जमाराशियाँ (करोड़ रुपये में)	कुल निर्धारण योग्य जमाराशियाँ (करोड़ रुपये में)	(6) के प्रति (5) का प्रतिशत
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.
1992-93	वाणिज्य बैंक	80	59	1,41,356.73	2,12,759.40	66.44
	क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	196	116	2,995.59	3,430.41	87.32
	सहकारी बैंक	1,655	1,065	20,174.25	28,185.57	71.58
	जोड़	1,931	1,240	1,64,526.57	2,44,375.38	67.33
1993-94	वाणिज्य बैंक	80	65	1,41,794.51	2,16,024.27	65.64
	क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	196	130	4,003.92	4,398.41	91.03
	सहकारी बैंक	1,714	1,122	22,606.39	28,611.15	79.01
	जोड़	1,990	1,317	1,68,404.82	2,49,033.83	67.62
1994-95	वाणिज्य बैंक	90	67	2,15,264.62	3,03,895.17	70.84
	क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	196	152	5,784.95	6,386.83	90.58
	सहकारी बैंक	1,739	1,053	45,697.08	53,775.81	84.98
	जोड़	2,025	1,272	2,66,746.65	3,64,057.61	73.27

अनुबंध - V

अदा किये गये और प्रावधान किये गये निक्षेप बीमा दावे तथा प्राप्त प्रतिपूर्तियाँ 31 मार्च 1995 की स्थिति

(राशि लाख रुपये में)

क्रम सं.	बैंक का नाम (जिस वर्ष दावे निपटाये गये उसे कोष्ठकों में दर्शाया गया है)	कुल बीमाकृत जमाराशियाँ जो अदा की गयी और जिनके लिए प्रावधान किया गया	निगम द्वारा प्राप्त चुकौतियाँ	शेष राशि (3-4)
1.	2.	3.	4.	5.
I. वाणिज्य बैंक				
	i) ऐसे बैंकों का विवरण जिनके मामले में निगम को पूरी प्रतिपूर्ति प्राप्त हुई है			
S 1.	बैंक आफ चाइना, कलकत्ता (1963)	9.25	9.25	–
* 2.	श्री जादेय शंकर लिंग बैंक लिमिटेड, बीजापुर (1965)	0.12	0.12	–
* 3.	बैंक आफ बिहार लिमिटेड, पटना (1970)	46.32	46.32	–
* 4.	कोचिन नायर बैंक लिमिटेड, त्रिचुर (1964)	7.04	7.04	–
* 5.	लेटीन ख्रिस्तियन बैंक लिमिटेड, एर्नाकुलम् (1964)	2.08	2.08	–
	जोड़ ''क''	64.81	64.81	–
	ii) उन बैंकों से संबद्ध विवरण जिनके मामले में निगम को आंशिक प्रतिपूर्ति की गयी है और बकाया शेष राशि बट्टे खाते डाल दी गयी है।			
* 6.	यूनिटी बैंक लिमिटेड, मद्रास (1963)	2.52	1.38 (1.14)	–
* 7.	उन्नाव कमर्शियल बैंक लिमिटेड, उन्नाव (1946)	1.06	0.31 (0.75)	–
* 8.	चावला बैंक लिमिटेड, देहरादून (1969)	0.18	0.14 (0.04)	–
* 9.	मैट्रोपालिटन बैंक लिमिटेड, कलकत्ता (1964)	8.74	4.42 (4.32	–
* 10.	सदर्न बैंक लिमिटेड, कलकत्ता (1964)	7.28	3.73 (3.55)	–
* 11.	बैंक आफ अलगपुरी लिमिटेड, अलगपुरी (1963)	0.28	0.10 (0.10)	–
	जोड़ ''ख''	20.06	10.16 (9.90)	–

(कोष्ठकों में दर्शाए गए आँकड़े बट्टे खाते डाली गयी राशि को दर्शाते हैं)

जारी..

अनुबंध - V (जारी)

1.	2.	3.	4.	5.
iii)	उन बैंकों के संबंध में विवरण जिनके मामले में निगम को पूरी प्रतिपूर्ति प्राप्त नहीं हुई है।			
* 12.	नेशनल बैंक आफ पाकिस्तान, कलकत्ता (1966)	0.99	0.88	0.11
		(0.85)		(0.85)
* 13.	हबीब बैंक लिमिटेड, बंबई (1966)	17.26	16.78	0.48
		(1.18)		(1.18)
	(कोष्ठकों में दर्शाए गए आँकड़े समामेलन योजना के अंतर्गत निषिद्ध भुगतानों से संबंधित हैं)			
* 14.	नेशनल बैंक आफ लाहौर लिमिटेड, दिल्ली (1970)	9.69	–	9.69
* 15.	बैंक आफ कोचीन लिमिटेड, कोचीन (1986)	1162.78	497.32	665.46
* 16.	मिरज स्टेट बैंक लिमिटेड, मिरज (1987)	146.59	36.41	118.18
* 17.	लक्ष्मी कमर्शियल बैंक लिमिटेड, दिल्ली (1987)	3340.62	694.88	2645.74
* 18.	हिन्दुस्तान कमर्शियल बैंक लिमिटेड, दिल्ली (1988)	2191.67	176.56	2015.11
* 19.	यूनाइटेड इंडस्ट्रियल बैंक लिमिटेड, कलकत्ता (1990)	3501.58	38.56	3463.02
* 20.	ट्रेडर्स बैंक लिमिटेड, नई दिल्ली (1990)	306.34	130.04	176.30
* 21.	बैंक आफ तंजावुर लिमिटेड, (1990)	1078.36	213.37	864.99
* 22.	बैंक आफ तमिलनाडु लिमिटेड, (1990)	764.50	112.33	652.17
* 23.	परूर सेंट्रल बैंक लिमिटेड, नार्थ परूर (1990)	260.92	71.71	189.21
* 24.	पूर्वांचल बैंक लिमिटेड, गुवाहाटी (1990)	725.77	51.53	674.24
@ 25.	बैंक आफ कराड़ लिमिटेड, बंबई (1992)	3700.00	1468.87	2231.13
	जोड़ ''ग''	17207.07	3509.24	13697.83
	जोड़ ''क'' + ''ख'' + ''ग''	17291.94	3584.21	13697.83
